केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली

सैकण्डरी स्कूल परीक्षा (कक्षा दसवीं)

परीक्षार्थी प्रवेश–पत्र के अनुसार भरें

विषय **Subject :** Social Science

विषय कोड **Subject Code :** 087

परीक्षा का दिन एवं तिथि
Day & Date of the Examination : Friday, 29/3/19

उत्तर देने का माध्यम
Medium of answering the paper : Hindi

प्रश्न पत्र के ऊपर लिखे कोड को दर्शाए :
Write code No. as written on the top of the question paper :

Code Number	Set Number
32/1/2	① ● ③ ④

अतिरिक्त उत्तर–पुस्तिका (ओं) की संख्या
No. of supplementary answer-book(s) used

विकलांग व्यक्ति : हाँ / नहीं
Person with Disabilities : **Yes / No** — No

किसी शारीरिक अक्षमता से प्रभावित हो तो संबंधित वर्ग में ✓ का निशान लगाएँ।
If physically challenged, tick the category

B	D	H	S	C	A

B = दृष्टिहीन, D = मूक व बधिर, H = शारीरिक रूप से विकलांग, S = स्पास्टिक
C = डिस्लेक्सिक, A = ऑटिस्टिक
B = Visually Impaired, D = Hearing Impaired, H = Physically Challenged
S = Spastic, C = Dyslexic, A = Autistic

क्या लेखन – लिपिक उपलब्ध करवाया गया : हाँ / नहीं
Whether writer provided : Yes / No — No

यदि दृष्टिहीन हैं तो उपयोग में लाए गए सॉफ्टवेयर का नाम :
If Visually challenged, name of software used :

*एक खाने में एक अक्षर लिखें। नाम के प्रत्येक भाग के बीच एक खाना रिक्त छोड़ दें। यदि परीक्षार्थी का नाम 24 अक्षरों से अधिक है, तो केवल नाम के प्रथम 24 अक्षर ही लिखें।

Each letter be written in one box and one box be left blank between each part of the name. In case Candidate's Name exceeds 24 letters, write first 24 letters.

कार्यालय उपयोग के लिए
Space for office use

2718719
087 / 20268

Instructions to Candidates

1. Make sure that the answer-book contains 32 pages and are properly serialed [illegible] (including title pages) as soon as you receive it.
2. [illegible] write any special sign or mark in or outside the answer-book, supplementary answer-book, graph-paper, map etc.
3. [illegible] name of your school or name of examination in any [illegible] your answers.
4. You must write the supplementary answer-book and [illegible] in the [illegible]
5. [illegible] on both sides and do not write [illegible] margin.
6. DO NOT tear out or mutilate the pages of the answer-book and do not fold [illegible] page. Unnecessarily. No supplementary answer-book(s) should be used [illegible] this answer-book if the previous supplementary answer-book [illegible]
7. Do not [illegible] according to their numbers in the question paper.
8. [illegible] a question or a part thereof is finished.
9. Tie only [illegible] your answer-book with supplementary answer-book, graph-paper, map etc. if used by you, but DO NOT write your [illegible] on the supplementary answer-book, graph-paper, map etc.
10. Use only blue-black or royal-blue ink/gel/ball point pen. Using of any other writing instrument/ink/pencil etc. will be on your own risk and responsibility.

    For rough calculation etc., appropriate margin on the right-hand side of the page may be drawn. The rough calculations etc. should be crossed out afterwards.
11. DO NOT leave the examination hall without handing over the answer-book to the invigilator.

12. If during the course of examination, a candidate is found indulging in any of the following, he/she shall be deemed to have used unfair means in the examinations, and as such his/her result shall not be declared but shall be marked as UNFAIR MEANS (U.F.M.) :-

    (a) having in possession papers, books, notes or any other material or information relevant to the examination in the paper concerned;

    (b) giving or receiving assistance directly or indirectly of any kind or attempting to do so;

    (c) writing questions or answers on any material other than the answer-book given by the Centre Superintendent for writing answers;

    (d) tearing of any page of the answer-book or supplementary answer-book;

    (e) contacting or communicating or trying to do so with any person, other than the Examination Staff, during the examination time in the examination centre;

    (f) taking away the answer-book out of the examination hall/room;

    (g) using or attempting to use any other undesirable method or [illegible] in connection with the examination;

    (h) smuggling out Question Paper or its part or smuggling out answer-book/supplementary answer-sheet or part thereof; and

    (i) threatening any of the officials connected with the conduct of the examinations or intimidating any of the candidates.

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली

Central Board of Secondary Education, Delhi

SECONDARY SCHOOL EXAMINATION (CLASS X)

सैकण्डरी स्कूल परीक्षा (कक्षा दसवीं)

Q. No.	01	02	03	04	05	06	07	08	09	10	TOTAL
MARKS	1	1	1	1	1	1	1	3	3	3	16

Q. No.	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	TOTAL
MARKS	3	3	3	3	3	3	3	3	5	5	34

Q. No.	21	22	23	24	25	26	27	28	29	30	TOTAL
MARKS	5	5	5	5	5	5					30

Q. No.	31	32	33	34	35	36	37	38	39	40	TOTAL
MARKS											80

GRAND TOTAL	80
MARKS IN WORDS	Eighty only

CBSE

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उचित प्रश्नपत्र के सेट और अंकन योजना के अनुसार किया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उत्तर पुस्तिका के अन्दर कोई

Map for Q. No. **26**
नक्शा प्रश्न संख्या **26** के लिए



Cut Here यहाँ से काटें

Section -A

Ques → 1

→ भूमिहीन ग्रामीण मजदूरो के लिए विकास का लक्ष्य :- भूमिहीन मजदूर चाहेंगे कि उन्हे अधिक मजदूरी मिले जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

Ques → 2

→ पंजाब मे अति सिंचाई के कारण जल क्रांतल हो जाती है जिससे कि भूमि मे अधिक रिसाव हो जाता है और भूमि निम्नीकृत का निम्नीकरण हो जाता है।

Ques → 3

Ans → 3

→ चीनी बौद्ध प्रचारक 768ई. – 770ई. मे जापान आए थे तो वे अपने साथ, हाथ से छपाई की तकनीक भी जापान लेकर आए। व जापान ने अपनी पहली पुस्तक डायमंड सूत्र छापी। इस तरह जापान में छपाई की तकनीक आरंभ हुई।

Ques → 4

→ आन्दोलनो द्वारा राजनीतिक दलों को सही काम करने के लिए बाध्य किया जा सकता है और अगर राजनीतिक दलों मे सुधार होगा तो स्वतः लोकतांत्रिक सुधार हो जायेगा।

Ques → 5

→ उदारवाद :- 19वीं शताब्दी मे उदारवाद का मतलब था व्यक्ति के लिए आजादी। उदारवाद शब्द 'Liberlism' से निकल

हुआ है। जिसके 'Liber' का अर्थ होता है आजादी। अतः उदारवाद शब्द को 19वी सदी मे आजादी के रूप मे देखा जाता था।

Ans → 6

द्वितीयक क्षेत्रक	तृतीयक क्षेत्रक
इस क्षेत्रक के अन्तर्गत प्राथमिक क्षेत्र की वस्तुए विनिर्मित की जाती है।	यह क्षेत्रक विनिर्माण नही करता है अपितु प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रक की क्रियाओ मे सहायता करता है।
इसे औद्योगिक क्षेत्रक के नाम से भी जाना जाता है।	इसे 'सेवा क्षेत्रक' के नाम से जाना जाता है।

Ans → 7

→ समर्थन तंत्रगाधार का महत्व निम्नलिखित प्रकार से है :-

* इसका इस्तेमाल कर्जदार उधारदाता को गारंटी देने के रूप मे करता है।
* उदाहरण :- आभूषण, पशु इत्यादि।

Section - B

Ques → 8

→ चीनी राजतंत्र निम्नलिखित प्रकार से लंबे समय तक मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक रहा :-

* चीन मे वुड ब्लॉक प्रींटिंग 593 ई. मे ही आ गयी थी।
* चीन ने अपनी पहली पुस्तक 'एकॉर्डियन' शैली मे छापी।
* चीन ने यह तकनीक बाकी देशों से छिपा कर रखी थी।
* चीन मे स्कूली बच्चो के लिए इसी तकनीक के माध्यम से किताबे छपने लगी थी।

* उदाहरण के लिए चीनी राजतंत्र ने जो भी किताबें छापी थी उनका केवल चीन में प्रचार-प्रसार हुआ। अन्य देशों में उन किताबों का निर्यात नहीं किया गया।
* इस प्रकार चीनी राजतंत्र मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक बना।

Ques→9

→ खरीफ शस्य ऋतु की विशेषताएँ निम्नलिखित प्रकार से हैं:-

* खरीफ फसलें मानसून के आगमन पर बोई जाती हैं।
* ये फसलें जून-जुलाई में बो दी जाती हैं।
* इन फसलों पाला रहित व आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है।
* ये फसलें अक्टूबर - नवम्बर में काट ली जाती हैं जब कोहरे के दिन आते हैं।
* फसलों के उदाहरण:- मक्का, चावल, कपास इत्यादि।

Ques → 10

नेपोलियन की संहिता को फ्रांसीसी नियंत्रण के अधीन दोनों निम्नलिखित प्रकार से लागू किया गया :-

* 1804 मे नेपोलियन द्वारा नागरिक संहिता लागू की गई थी जिसे नेपोलियन संहिता भी कहा जाता है।
* इसके अन्तर्गत सभी पादरियों और कुलिनो के विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया गया।
* और इस संहिता के जरिए सभी लोगो के सम्पति के अधिकार को सुरक्षित किया गया।
* इस संहिता के द्वारा सभी सामंती शुल्क समाप्त कर दिए गए।
* इस प्रकार नेपोलियन संहिता लोगो पर लागू कि गयी।

Ques → 11

Ans 11

→ वर्षा जल संग्रहण का महत्व निम्नलिखित प्रकार से है :-

* वर्षा जल संग्रहण से तात्पर्य है कि कृत्रिम तरीकों से वर्षा के जल का संग्रहण करना।
* इस तकनीक के द्वारा हम पानी का संरक्षण कर सकते हैं।
* इस तकनीक के द्वारा हम कुँओं का पुनर्भरण कर सकते हैं। जिस प्रकार छत से आते हुए पानी का पी.वी.सी पाईप द्वारा कुँए का पुनर्भरण किया जाता है।
* हम संरक्षित किए हुए पानी का इस्तेमाल किसी आपातकालीन स्थिति मे कर सकते हैं। जैसे - अकाल के समय, व गर्मियों मे पानी न आने के समय।

Ans 12

→ उपभोक्ता अपने 'क्षतिपूर्ति निवारण' के अधिकार का प्रयोग निम्नलिखित प्रकार से कर सकते हैं :-

* उपभोक्ता अपने इस अधिकार का प्रयोग उस समय कर सकते है जब विक्रेता द्वारा उसे ठगा जाए।
* हम इस अधिकार का प्रयोग उस समय कर सकते है जब विक्रेता द्वारा हमे नकली या मिलावटी माल बेचा गया हो।
* उदाहरण के लिए :- मैंने दुकानदार से एक विडियो गेम खरीदा जिस पर मुझे पूरे एक वर्ष गारंटी मिली। लेकिन जब मैंने इस गेम को खेला तो यह दो दिन मे खराब हो गया। अब मेरे क्षतिपूर्ति अधिकार के जरिए मैंने दुकानदार से कहा कि या तो मुझे मेरे रुपये वापस दिए जाए या फिर यह विडियो गेम बदला जाए।
* इस प्रकार हम इस अधिकार का उपयोग करके मुआवजा या फिर उसके बदले मे कोई अन्य वस्तु प्राप्त कर सकते है।

Ques → 13.

→ आर्थिक विकास मे ऋण के औपचारिक स्रोतो का महत्व निम्नलिखित प्रकार से है:-

* आर्थिक विकास मे ऋण के औपचारिक स्रोत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।
* लोग इन स्रोतों से कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकते है।
* इसके बाद वे उस ऋण की सहायता से अपना उद्यम स्थापित करते है।
* अब वे बेरोजगार से रोजगार हो गए तो वे अपनी आय का कुछ हिस्सा ~~देश~~ देश को कर के रूप मे भी देते है।
* इस प्रकार देश के पास कर आता है और उसकी अर्थव्यवस्था बेहतर होती है। और आर्थिक विकास मे योगदान देती है।

Ques-14

→ राजनीतिक दल के तीन हिस्से निम्नलिखित प्रकार से है:-

* नेता
* सक्रिय नेता
* अनुयायी

→ तीनो हिस्सों की व्याख्या इस प्रकार है:-

* नेता :- राजनीतिक दल मे नेता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते। वे दल का निर्माण करते है व ~~उम्मीदवार~~ चुनाव के समय उम्मीदवार चुनते है। नेता दलों के अध्यक्ष कहलाते है। जैसे:- भारतीय जनता पार्टी का मुख्य नेता नरेन्द्र मोदी है। ~~इस~~ एक दल मे एक से अधिक भी मुख्य नेता हो सकते है।

* सक्रिय नेता :- सक्रिय नेताओं की संख्या एक दल मे नेताओं के मुकाबले अधिक होती है। ये मुख्य नेताओं का प्रचार-प्रसार करते है व ~~अप~~ अपनी पार्टी के लिए रैलियां भी करते है।

* अनुयायी :- एक दल मे अनुयायीयों की संख्या सक्रिय नेताओं से भी अधिक होती है। ~~ये~~ ये सक्रिय नेताओं के अन्तर्गत काम करते है। इन्हे कभी भी उम्मीदवार के रूप मे नही चुना जाता है।

3 Ques → 15

→ भारत मे तृतीयक क्षेत्रक निम्नलिखित कारणो से महत्वपूर्ण है:-

* बुनियादी सेवाएँ :- तृतीयक क्षेत्रक लोगो को बुनियादी सेवाएँ प्रदान करता है व लोगो की सहायता करता है। जैसे :- बीमा, संचार, बैंकिंग आदि।

* परिवहन सेवाएँ :- तृतीयक क्षेत्रक लोगो को परिवहन सेवाएँ उपलब्ध करवाता है। और परिवहन पूरे देश मे कड़े के रूप मे कार्य करता है। व आजकल लोगों के जीवन मे परिवहन बहुत महत्वपूर्ण है।

* संचार सुविधाएँ :- तृतीयक क्षेत्रक लोगो को संचार सुविधाएँ उपलब्ध करवाता है। आजकल संचार के जरिए सारी जानकारी एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँच जाती है।

Ques → 16

यह कथन बिल्कुल सही है कि पर्यावरण मे गिरावट के परिणाम राष्ट्रीय और राज्य सीमाओं का ख्याल निम्नलिखित प्रकार से नही करते है:-

* जब भी कोई बड़ा संकट आता है तो वह यह देखकर नही आता कि राज्य और राष्ट्र कहाँ है।
* इसी प्रकार जब पर्यावरण मे गिरावट आती है उसका परिणाम सब को भुगतना पडता है।
* जब अकाल या बाढ आती है तब सब कुछ स्थगित हो जाता दो-दो राज्य एक साथ बह जाते है। * बाढ या अकाल पर्यावरण मे गिरावट का परिणाम है।
* जब राष्ट्र और राज्यो के लोग संसाधनो का अधिक उपभोग करने पर उनके परिणामो को नही सोचते तो पर्यावरण के परिणाम भी उनके बारे मे नही सोचते है।

Ques → 17.

Ans → 17

→ सामाजिक विभाजन राजनीति को निम्नलिखित प्रकार से प्रभावित करता है :-

* सामाजिक विभाजन के जरिए राजनीति सक्रिय हो जाती है। सभी राजनीतिक दल विभिन्न मुद्दों को उठाकर बहस करते हैं।
* राजनीति जब सामाजिक विभाजन के बारे में सोचती है तब यह एक स्वस्थ राजनीतिक लक्षण दिखाती है।
* इन विभाजनों से राजनीति उन समुदायों के बारे में भी सोचने को मजबूर हो जाती है जो हाशिये पर पड़े हुए थे।
* सामाजिक विभाजन के जरिए शासक दल को देश के टुकड़े होने से बचाने के लिए, हाशिये पर पड़े हुए लोगों या समुदायों की माँगों को पूरा करना पड़ता है।
* इस प्रकार सामाजिक विभाजन राजनीति को प्रभावित करता है।

Ques → 18

3 Ans → 18

→ भारत मे आजादी के बाद से महिलाओ की स्थिति मे सुधार हुआ परन्तु अब भी वे पुरुषों से निम्नलिखित प्रकार से पीछे है :-

* साक्षरता दर मे :- आजादी के बाद महिलाओं के लिए शैक्षिक संस्थान खोले गए परन्तु अब भी महिलाओं की साक्षरता दर पुरुषों से बहुत कम है। पुरुषों की साक्षरता दर 76% है वहां महिलाओं की 54% है।

* लिंगनुपात :- आज भी महिलाओ का लिंगनुपात पुरुषों के मुकाबले कम है। महिलाओं को आज भी शिशु के रूप मे ही मार दिया जाता है।

* वेतन मे :- आज महिलाए विभिन्न पदों पर पहुंची हुई है परन्तु उनका वेतन पुरुषों के मुकाबले कम ही रहता है।

Section - C

Ques → 19

(5)

→ लंदन में औद्योगीकरण ने निम्नलिखित प्रकार से ~~स्व~~ शहरीकरण पर गहरा प्रभाव डाला है :-

* रोजगार जनसंख्या मे वृद्धि :- उद्योगों के ~~परि~~ परिणाम स्वरूप लंदन मे जनसंख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई। और यह वृद्धि लंदन मे उद्योगो से मिलने वाले रोजगार के कारण हुई। लंदन का शहरीकरण औद्योगीकरण की वजह से तीव्र गति से हो रहा था।

* मनोरंजन में :- लंदन मे तीव्र औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप लंदन मे मनोरंजन के साधनों मे वृद्धि हुई। अब शहरो मे ~~मनोरंजन~~ लोगो के मनोरंजन के लिए बहुत अधिक साधन उपलब्ध थे। जैसे :- पुस्तकालय।

* आवासीय व्यवस्था पर :- औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप लंदन की जनसंख्या मे वृद्धि हुई जिससे वहाँ की आवासीय व्यवस्था प्रभावित हुई। अब सरकार द्वारा लोगों के रहने के लिए टेनेमेंट्स का निर्माण किया गया व 10 लाख सीमा पार घरों का निर्माण किया गया। और हर कमरा 5 से 6 व्यक्तियों से भरा रहता था।

* परिवहन पर :- औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप लोगों को उद्योगों तक पहुँचने के लिए परिवहन की आवश्यकता पड़ी। और उसके लिए भूमिगत रेलों का निर्माण किया जिसकी वजह से लोगों को तकलीफ उठानी पड़ी।

* पर्यावरण पर :- औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप उद्योगों से निकलने वाला धुआँ शहर के लोगों को प्रभावित करता था। लोगों को साँस लेने मे भी तकलीफ होने लगी। इस प्रदूषण को रोकने के लिए लंदन मे 1857 मे 'धुआँ नियंत्रण कानून' लागू किया गया। परन्तु इसमे सफलता नहीं मिली क्योंकि उद्योगों की संख्या बहुत अधिक थी।

Ques → 20

5

→ सविनय अवज्ञा आंदोलन :- यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध चलाया गया जिसका उद्देश्य था ब्रिटिश सरकार की आज्ञाओं की पूर्णतया अवहेलना करना।

→ अमीर किसान का आंदोलन में योगदान :- * अमीर किसानों ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया व ब्रिटिश सरकार की आज्ञाओं कि अवहेलना की।

* अमीर किसानों ने नमक कारखानों में जाकर ब्रिटिश सरकार द्वारा लगाए गए नमक कर के कानून का उल्लंघन किया।

→ गरीब किसानों का आंदोलन में योगदान :- * गरीब किसानों

ने भी आंदोलन मे भाग लिया।

* उन्होने भी औपनिवेशिक सरकार की अवहेलना की।
* उन्होने आंदोलन मे भाग यह सोचकर लिया था कि स्वराज्य आने पर उनकी गरीबी हट जाएगी।
* परन्तु कांग्रेस पार्टी के बर्ताव की वजह से किसान उनसे छिटकने लगे थे। और उन्होने उनका साथ बीच मे ही छोड दिया था।

→ इस तरह हम कह सकते है कि अमीर और गरीब किसान दोनो आंदोलन मे सक्रिय परन्तु 1934 तक आते-2 उनका आंदोलन मे सहयोग कम पडता गया।

Ques-21।

5

Ans → 21

→ औद्योगिक अवस्थिति के लिए उत्तरदायी पाँच कारक निम्नलिखित प्रकार से है :-

* कच्चा माल :- उद्योगों की अवस्थिति का मुख्य कारक है कच्चे माल की उपलब्धता है। अधिकतर उद्योग वहीं अवस्थित होते हैं जहाँ कच्चे माल की अधिक उपलब्धता होती है ताकि परिवहन का खर्च न उठाना पड़।

* जल :- उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाला दूसरा कारक है जल कि उपलब्धता। उद्योगों को चलाने के लिए जल की आवश्यकता होती है। व उद्योगों की ऊर्जा पूर्ति भी जल विद्युत से ही होती है। इसलिए उद्योग जल स्थानों के निकट स्थित होते हैं।

* पूँजी :- उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाला तीसरा कारक है पूँजी की उपलब्धता। जब तक उद्योगपति

के पास जब उपलब्ध पूँजी उपलब्ध नहीं होगी तब तक कोई व्यक्ति अपना उद्योग स्थापित नहीं कर पाएगा।

* श्रम :- उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाला चौथा कारक है श्रम। उद्योगों में काम करने के लिए मजदूरों की आवश्यकता होती है। और मजदूरों से अधिकाधिक श्रम लिया जाता है ताकि उद्योग के विकास का स्तर तीव्र किया जा सके।

* परिवहन :- उद्योग के लिए पाँचवा महत्वपूर्ण कारक है परिवहन की उपलब्धता। जब तक उद्योग तक परिवहन नहीं पहुँचेगी तब तक उद्योग को कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि वह अपनी वस्तुएं बाजार तक नहीं पहुँचा पाएगा।

→ इसलिए उद्योगों की अवस्थिति के लिए ये 5 कारक उत्तरदायी हैं।

Ques → 22

(8)

→ सत्ता की साझेदारी का विचार निम्नलिखित प्रकार से सामने आया :-

* सत्ता की साझेदारी के जरिए शासन की सत्ता अधिक लोगों में बँट जाती है।
* तानाशाही को रोकने के लिए सत्ता की साझेदारी का विचार आया।

→ सत्ता के प्रचलित स्वरूपों की व्याख्या निम्नलिखित प्रकार से है:-

* क्षैतिज वितरण :- शासन के विभिन्न अंग कार्यपालिका, न्याय पालिका और ~~कार्यपालिका~~ विधायिका में सत्ता का बटवाँरा क्षैतिज वितरण कहलाता है।
  - इस व्यवस्था को नियंत्रण एवं संतुलन की व्यवस्था भी कहा जाता है।

* ~~ऊर्ध्व ऊर्ध्व~~ ऊर्ध्वाधर वितरण :- शासन के विभिन्न स्तरों में सत्ता के बटवारे को सत्ता का ऊर्ध्वाधर वितरण कहा जाता है।
  - इसके अन्तर्गत केन्द्र सरकार, राज्य सरकार व स्थानीय सरकार आती है।

* दबाव समूह :- • दबाव समूह भी सत्ता की साझेदारी में अहम भूमिका निभाते हैं।
  - दबाव समूह के जरिए लोग राजनीतिक दलों पर दबाव डालकर अपने हितों की मांगों की पूर्ति करवाते हैं।

* धार्मिक, भाषायी समूह :- • मुसलमान धार्मिक और भाषायी समूह भी सत्ता में साझेदारी में अहम भूमिका निभाते हैं।
  - इसके अन्तर्गत सत्ता में अल्पसंख्यक व महिलाओं की उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाती है।

5

Ques → 23

→ भारत मे सडक परिवहन रेल परिवहन की अपेक्षा निम्न-लिखित प्रकार से महत्वपूर्ण है:-

* लागत मे:- भारत मे सडक परिवहन सुविधाजनक है। सडक परिवहन को बनाने मे कम लागत लगती है जबकि रेल परिवहन मे अत्याधिक लागत लगती है।

* लचीलेपन मे:- सडक परिवहन आसानी से विच्छिन्न भागो पर बनाई जा सकती है। परन्तु रेल परिवहन को विच्छिन्न भूमि पर नही बना जा सकता है। उदाहरण:- सडक परिवहन का उबड खाबड भूमि पर निर्माण सम्भव है पर रेल परिवहन का नही।

* पहाडो मे:- पहाडी क्षेत्रो मे सडको का निर्माण किया

जा सकता है परन्तु रेलो का निर्माण पहाड़ी क्षेत्रो मे संभव नही है। उदाहरण:- ~~बिना~~ उत्तर - पूर्वी क्षेत्रो मे अत्यधिक परिवहन सड़को से होता है वहाँ रेल परिवहन अत्यधिक मुश्किल है जो नही किया गया है।

* रख - रखाव मे :- सड़क परिवहन का निर्माण करना व उसका रख - रखाव करना अपेक्षाकृत आसान। सड़को को आसानी साफ किया जा सकता है परन्तु रेलो को साफ करने मे अत्यधिक श्रम की आवश्यकता है।

* कड़ी के रूप मे :- सड़क परिवहन पूरे भारत मे एक कड़ी के रूप मे कार्य करता है। यह सभी ~~बड़े~~ - 2 शहरो को आपस मे जोड़ती है। ~~यह~~ यह हमारे घर तक हम सुविधा प्रदान करता है जबकि रेल परिवहन नही करता है।

5 Ques → 24

→ लोकतंत्र के पाँच परिणाम निम्नलिखित प्रकार से है:-

* कानून के समक्ष समता :- लोकतंत्र के अन्तर्गत कानून सभी के लिए समान है। कानून सभी को एकसमान सुरक्षा प्रदान करेगा। फिर चाहे वह प्रधानमंत्री हो या एक गरीब कानून की सुरक्षा सभी के लिए समान है।

* समानता के सिद्धान्त पर आधारित :- लोकतंत्र समानता के सिद्धान्त पर पूर्णतया आधारित है इसकी नजर में सभी लोग एक समान। लोकतंत्र के लिए कोई अमीर या गरीब नहीं है। लोकतंत्र सभी को सम्मान मिलता है।

* उत्तरदायी सरकार :- लोकतांत्रिक सरकारें उत्तरदायी सरकारें हैं। वे अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं। उन्हें अपने कार्यों के ऊपर उठे प्रश्नों ~~को~~ का जनता को जवाब देना होगा इसके लिए वह एक जवाबदेह भी है।

* सार्वभौमिक अधिकार :- लोकतंत्र के अंतर्गत सभी लोगों को सार्वभौमिक अधिकार प्राप्त है जो ~~व्यस्क~~ व्यस्क है। सभी के वोट का मूल्य एक समान है।

* गरिमा को बनाए रखता है :- लोकतंत्र सभी व्यक्तियों की गरिमा को बनाए रखता है। यह व्यक्ति का अपमान नहीं होने देता है यह उसकी प्रतिष्ठा को बनाए रखता है। व भेदभाव की समाप्ति के पक्ष में है।

Ques → 25

→ वैश्वीकरण के पाँच प्रभाव निम्नलिखित हैं:-

* उपभोक्ताओं पर:- वैश्वीकरण का उपभोक्ताओं पर जहाँ सकारात्मक प्रभाव है वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी हैं। धनी उपभोक्ताओं पर वैश्वीकरण का अच्छा प्रभाव पड़ा अब उनके पास पहले से अधिक विकल्प उपलब्ध हैं। परन्तु निर्धन लोगों के तो वैश्वीकरण के कारण उद्यम ही बंद हो गए हैं।

* शीर्ष कम्पनियाँ पर:- शीर्ष कम्पनियों ने भी वैश्वीकरण से लाभ कमाया है। उन्होंने दूसरे देशों से आई तकनीकों को ~~अपना~~ अपनाया है व कई कंपनियाँ तो बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में विकसित भी कर चुकी हैं। उदाहरण:- टाटा मोटर्स।

* रोजगार पर :- वैश्वीकरण के कारण बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ विभिन्न देशों में स्थापित हुई व अनेक लोगों को रोजगार दिया है। वैश्वीकरण के परिणाम स्वरूप बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

* सेवा क्षेत्रक पर :- वैश्वीकरण का सेवा क्षेत्रक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। संचार व प्रौद्योगिकी की वजह से सेवा क्षेत्रक के बहुत अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। उदाहरण :- भारत स्थित कंपनी का लंदन के लिए अखबारों का प्रकाशन करना।

* निवेश पर :- बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने निवेश वहीं किया है जहाँ उन्हें लाभ प्राप्त हुआ है। कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भारत में 15 सालों से निवेश कर रही है व अपने उत्पादों को बेच रही है। भारत को भी उनके किए हुए निवेश से कुछ तो लाभ प्राप्त हुआ है कि भारत को इन कंपनियों द्वारा कर प्राप्त हुआ। और भारत की

→ आर्थिक व्यवस्था मे सुधार आया है।

→ इस प्रकार हम देख सकते है कि वैश्वीकरण के जहाँ सकारात्मक प्रभाव थे तो वहीं उसके नकारात्मक प्रभाव भी है।

80/80

2019